# मांडलगढ़ में सूने मकानों से 26 लाख के जेवर व नकदी ले उड़े बदमाश

## 'घटित हुई चोरियों का पर्दाफाश नहीं किया गया तो आंदोलन किया जाएगा'

**मांडलगढ़,** (निसं)। मांडलगढ़ कस्बे में कोटा मार्ग की पॉश कॉलोनी में गत तीन दिन में चोरी की दो बड़ी वारदात होने से लोग दहशत में आए हुए हैं। वहीं एसडीएम और डीएसपी के रेजिडेंस एरिया में घटित हो रही लगातार चोरी की वारदात से लोग पुलिस की लचर गश्त व्यवस्था पर कई सवाल खड़े कर रहे हैं और लोगों में काफी आक्रोश भी व्याप्त है।

पुलिस के मुताबिक बीती रात कोटा रोड स्थित भाजपा नेत्री अनिता सुराणा के मकान से सटे शिक्षक विनोद कुमार कोली के मकान को चोरों ने निशाना बनाया। पीड़ित ने थाने में रिपोर्ट देकर बताया कि वह रविवार दिन में किसी शादी समारोह में परिवार सहित बाहर गए थे। अज्ञात बदमाश सूने मकान का ताला तोड़ कर अंदर घुसे। अलमारी में रखे करीब 15 तोला सोना के जेवर, तीन किलो चांदी के जेवर और एक लाख की नकदी ले उड़े। चोरी की घटना विनोद को पड़ोसियों ने फोन पर दी। इस घटना को लेकर शिक्षक का परिवार सदमे में आ गया।

मांडलगढ़ की नई कॉलोनी के सूने मकान चोरी की वारदात के बाद कमरे का सामान बिखरा पड़ा है।

इसी प्रकार एसडीएम ओर डीएसपी के बंगले के पीछे स्थित मेनाल रिसोर्ट के मैनेजर जसवंत सिंह के सूने मकान को तीन दिन पहले चोरों ने निशाना बनाया, जहां मकान और अलमारी का ताला तोड़ कर 15 तोला सोना के जेवर, डेढ़ किलो चांदी के जेवर सहित डेढ़ लाख की नकदी चोर ले उड़े। तीन दिन बाद भी पुलिस के हाथ खाली हैं। कोटा रोड स्थित कॉलोनीवासियों ने बताया कि शहर में बढ़ती चोरी की घटनाओं से असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। लोगों में पुलिस के खिलाफ आक्रोश बढ़ता जा रहा है। नगर वासियों ने चेतावनी दी हैं कि शहर में चोरी की वारदातों पर अंकुश नहीं लगाया गया और घटित हुई चोरियों का पर्दाफाश नहीं किया गया तो आंदोलन किया जाएगा।

- **एसडीएम व डीएसपी के रेजिडेंस एरिया में घटित हो रही चोरी की वारदात से लोग पुलिस की लचर गश्त व्यवस्था पर कई सवाल खड़े कर रहे हैं**

मांडलगढ़ थानाधिकारी शिवचरण ने बताया कि शहर में जसवंत सिंह और शिक्षक विनोद कुमार के मकान में हुई चोरी की वारदात समान रूप में नजर आ रही हैं। कोई बाहरी गैंग होने की आशंका जताई जा रही है। फिलहाल पुलिस ने टीमें बना कर चोरों की तलाश में संदिग्ध ठिकानों पर भेजी है और जरायमपेशा लोगों पर भी नजर रखी जा रही है।

## जगन्नाथ रथयात्रा का भव्य स्वागत व आरती

**अजमेर,** (कासं)। अग्रवाल समाज अजमेर की ओर से भगवान श्री जगन्नाथजी की रथयात्रा सवारी का स्वागत मैसर्स गंगाराम अमरचंद हलवाई नया बाजार पर किया गया। इस अवसर पर संस्था मुख्य संरक्षक हनुमान दयाल बंसल व बी पी मित्तल, संरक्षक कैलाशचंद अग्रवाल, जंवरीलाल बंसल, गिरधर गोपाल गोयल, कमल किशोर गर्ग, कैलाशचंद डीडवानिया, छाया गर्ग, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजकुमार गर्ग, निवर्तमान अध्यक्ष शैलेंद्र अग्रवाल, सचिव अनिल कुमार मित्तल व तनुज बंसल, सह कोषाध्यक्ष अगम प्रसाद मित्तल, किशन चंद बंसल, ,डवोकेट गणेशी लाल अग्रवाल, ओमप्रकाश गर्ग गोटा वाले, राजेंद्र मित्तल, अनिल अग्रवाल, चंद्रनारायण अग्रवाल, नवल किशोर गोयल, सुबोध कुमार गर्ग, अनुराग गर्ग, गोविंद प्रसाद गर्ग, विजय कुमार गर्ग, विष्णु दत्त गुप्ता, मदन मोहन अग्रवाल, राजकुमार गर्ग, सुभाष अग्रवाल, राकेश गुप्ता, कमलेश सिंहल आदि पदाधिकारियों व सदस्यों ने श्री जगन्नाथ रथ यात्रा पर पुष्प वर्षा कर, संस्था पदाधिकारियों का माल्यार्पण कर तथा जगन्नाथ भगवान, बलभद्र, सुभद्रा व चारभुजा नाथ की आरती कर व भोग लगाकर धर्मलाभ उग्रया।

## पुलिस पर मारपीट का आरोप

**परबतसर,** (निसं)। पीलवा पुलिस थानांतर्गत ग्राम के एक किसान ने मुख्यमंत्री और डीडवाना पुलिस अधीक्षक को एक पत्र भिजवा कर पीलवा पुलिस पर मारपीट के आरोप लगाए हैं। पत्र में लिखा है कि पीलवा थानाधिकारी सहित जाब्ते पर घर पर आकर डरा-धमकाकर मारपीट की व बच्चों को गोली मारने का कहा।

घटना 24 जून शाम की बताई जा रही है जब पुलिस थाना अधिकारी पीलवा, एक हैड कांस्टेबल व अन्य स्टाफ खेत में बने घर आए तथा धमकी देने लगे। उन्होंने कहा कि खेत में से रास्ता निकलेंगे। मना करने और कोर्ट का आदेश दिखाने पर भी धमकाया गया। हैड कांस्टेबल ने बच्चों को मारने की धमकी दी।


**कार्यालय आवासीय अभियन्ता राजस्थान आवासन मण्डल: अजमेर**

क्रमांक: 681 दिनांक: 05-07-2024

**जाहिर आम सूचना**

राजस्थान आवासन मण्डल आवास संख्या 3-ग-8 आनासागर सरक्यूलर रोड अजमेर में श्री नरेश कुमार बरतवाल पुत्र श्री एम. आर. बरतवाल को आवंटित कर दिनांक- 22.03.1985 को भौतिक कब्जा सौपा गया था। श्री नरेश कुमार बरतवाल पुत्र श्री एम. आर. बरतवाल द्वारा 14.07.1995 को उप-पंजीयक कार्यालय द्वारा पंजीयन करवा लिया गया हैं। श्री नरेश कुमार बरतवाल पुत्र श्री एम. आर. बरतवाल ने आवास का बैचान श्री सी. के. थोमस पुत्र श्री टी. के. कोशी को कर दिया गया। श्री सी. के. थोमस की मृत्यु दिनांक-26.10.2019 को हो जाने के कारण उनके पुत्र श्री शीबू थोमस पुत्र स्व. श्री सी. के. थोमस द्वारा मृत्यु पश्चात आवास हस्तान्तरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया हैं। श्री शीबू थोमस पुत्र स्व. श्री सी. के. थोमस के पक्ष में शाजी थॉमस पुत्र स्व. श्री सी. के. थोमस, शैरली शाजी पत्नी श्री शाजी मामन एवं शाहिनी थोमस पत्नी श्री सुनील जोस द्वारा रजिस्टर्ड हक त्याग-पत्र प्रस्तुत किया गया हैं। अब श्री शीबू थोमस पुत्र स्व. श्री सी. के. थोमस ने उक्त आवास से संबंधित मृत्यु हस्तान्तरण प्रपत्र प्रस्तुत कर आवास का आवंटन स्वंय के नाग हस्तांतरण करने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया हैं। श्री शीबू थोमस पुत्र स्व. श्री सी. के. थोमस का नाम मण्डल रिकार्ड में प्रतिस्थापन की कार्यवाही विचाराधीन हैं। अत: उक्त कार्यवाही से किसी भी व्यक्ति को कोई आपति हो तो इस जाहिर आम सूचना को विज्ञप्ति के प्रकाशन के 10 दिवस में अपनी उजरदारी/आपति मय सबूत एवं पहचान के दस्तावेज के साथ हम कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। बाद मियाद गुजरने पश्चात कोई आपति स्वीकार नहीं होगी, नाम प्रतिस्थापन की अग्रिम कार्यवाही सम्पादित कर दी जावेगी।

आवासीय अभियंता, राजस्थान आवासन मण्डल, खण्ड अजमेर



**प्राधिकृत अधिकारी कार्यालय नगर परिषद, ब्यावर**

क्रमांक/नियमन/2024-25/150 दिनांक 03/07/2024

**लोक सूचना**

निचे उल्लेखित भूमि का गैर कृषिक प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात-

| क्र. सं. | आवेदक का नाम | ग्राम | खसरा नं. | क्षेत्रफल हैक्टेयर में |
|---|---|---|---|---|
| 1 | दीपचन्द पुत्र मदनलाल हिस्सा पूर्ण जाति महाजन सा. नेहरू गेट बाहर ब्यावर खातेदार। | रामपुरा मेवातियान | 438/258<br>469/261 | 0.1376 हैक्टेयर<br>0.2105 हैक्टेयर |

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90 (क) और राजस्थान अभिधृति अधिनियम 1955 की धारा 63 के अधिन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 07 दिन के भीतर भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष के समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय के भीतर भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तद्वनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधितन आज दिनांक 3-7-2024 को जारी की गयी।

प्राधिकृत अधिकारी नगर परिषद ब्यावर



**प्राधिकृत अधिकारी कार्यालय नगर परिषद, ब्यावर**

क्रमांक/नियमन/2024-25/153 दिनांक 03/07/2024

**लोक सूचना**

निचे उल्लेखित भूमि का गैर कृषिक प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात-

| क्र. सं. | आवेदक का नाम | ग्राम | खसरा नं. | क्षेत्रफल हैक्टेयर में |
|---|---|---|---|---|
| 1 | जमना पत्नि नवाब हिस्सा पूर्ण जाति मेहरात नि. जुझारो का बाडिया लुलवा तहसील मसूदा खातेदार। | रामपुरा मेवातियान | 470/262 | 0.1619 हैक्टेयर |

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90 (क) और राजस्थान अभिधृति अधिनियम 1955 की धारा 63 के अधिन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 07 दिन के भीतर भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष के समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय के भीतर भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तद्वनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधितन आज दिनांक 3-7-2024 को जारी की गयी।

प्राधिकृत अधिकारी नगर परिषद ब्यावर


## रेडक्रास द्वारा आयोजित शिविर में 36 यूनिट रक्त आया

**अजमेर,** (कासं)। भारतीय रेडक्रास सोसायटी एवं अजमेर बोल्टिंग प्लांट तबीजी के संयुक्त तत्वावधान में रेडक्रास के चेयरमैन हरिनारानायण सोमानी के निर्देशानुसार आज विशाल स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन अजमेर बोल्टिंग प्लांट तबीजी अजमेर में किया गया।

जीवनसिंह चौहान संगठन सचिव ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि इस अवसर पर सम्भागीय रक्तकोष जवाहर लाल नेहरू के डा हिमान्शु मिणा ने कहा कि स्वस्थ इन्सान के शरीर में करीब पांच लीटर रक्त होता है जिसमें से साढे तीन सौ ग्राम रक्त तीन माह में एक बार देने से शरीर में किसी भी तरह की कमजोरी नहीं आती है अपितु नए रक्त संचार से स्फूर्ति बनी रहती है इसलिए प्रत्यक नौजवान को साल भर में कम से कम 3 बार रक्तदान करना चाहिये। शिविर में रेड के सचिव भगवान सिह ने रक्तदान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए रक्तदाताओं से आग्रह कर कहा कि रक्तदान से अच्छा जीवन में कोई दान नहीं है । उन्होने कहा कि दुर्घटनाओ में शिकार व्यक्तियों के लिये,अस्पताल में आकस्मिक आवश्यकताओं के लिये,प्राकृतिक आपदाओं में जरूरत होने पर आपका दिया हुआ रक्त इन रोगियों की जिन्दगियां बचाता है। उन्होने कहा कि प्रत्येक नौजवान अपने जन्म दिन या विवाह की वर्ष गांठ पर, राष्ट्रीय पर्व या धार्मिक पर्व पर, विश्व रक्तदाता दिवस या विश्व स्वास्थ्य दिवस पर हर तीन माह के अन्तराल में अवश्य रक्तदान करें।

## मंगल प्रवेश 12 को

**आसींद,** (निसं)। आचार्य विजयराज म.सा. की आज्ञानुवर्तनी शासन प्रभाविका महाश्रमणि रत्ना प्रभावती म.सा. ठाणा 7 का चातुर्मास हेतु भव्य मंगल प्रवेश 12 जुलाई शुक्रवार को आसींद में होगा।

चातुर्मास मंगल प्रवेश को लेकर श्रावक श्राविकाओं में अपार उत्साह दिखाई दे रहा है। 12 जुलाई शुक्रवार को प्रात: 8 बजे महावीर भवन में मंगल प्रवेश होगा। चातुर्मास में 7 साध्वियों साध्वी अभिलाषा, युगप्रभा, चिंतन प्रज्ञा, महक प्रभा, मोहक प्रभा, दीप प्रभा म.सा.का संगम रहेगा जिससे तप आराधना बहुत अच्छी होगी। साध्वी युग प्रभा म.सा. आसींद की ही बेटी है, आपकी दीक्षा 25 वर्ष पूर्व हुई थी। दीक्षा के बाद प्रथम बार आसींद चातुर्मास के लिए आपका पधारना होगा। सकल जैन संघ में आपके चातुर्मास को लेकर अपार उत्साह दिखाई दे रहा है।

## लायंस क्लब के पौधारोपण की प्राथमिकता व गौ सेवा को सराहा

**बिजयनगर,** (निसं)। लायंस क्लब बिजयनगर क्लासिक द्वारा , सोमवार को स्थानीय संचेती कॉलोनी में पौधारोपण व स्थानीय कालोनी में स्थित गौशाला मे गौसेवा का कार्यकम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ नगरपालिका अध्यक्ष अनीता इंद्रजीत मेवाड़ा ने पौधारोपण कर किया। इस दौरान 51 छायादार पौधे ट्रीगार्ड सहित लगाए गए। पालिकाअध्यक्ष मेवाड़ा ने स्थानीय क्लब द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। लायंस क्लब के क्षेत्रीय अध्यक्ष निहाल मुणोत ने कहा कि पौधारोपण समय की जरूरत है। उन्होंने कहा कि वृक्ष हमें अलग अलग तरह की औषधियां प्रदान करने के साथ ही वातावरण को शुद्ध करते हैं। हम पर्यावरण की रक्षा पौधारोपण करके कर सकते हैं। उन्होंने कहा आगामी दिनों में शहर के अलग-अलग पार्कों में पौधे लगाएंगे। ताकि हर पार्क में अधिक से अधिक हरियाली की जा सके। इस दौरान लायंस क्लब के क्षेत्रीय अध्यक्ष निहालचंद मुणोत, क्लब अध्यक्ष अंशुल गोधा, सचिव कमलेश पाटनी, कोषाध्यक्ष प्रकाश जोगड, अरिहंत लोढ़ा, दीपक माहेश्वरी, नरेंद्र पीपाड़ा, आशीष पाटोदी, राहुल बाबेल, राजेंद्र लोढ़ा,राहुल छाजेड़ आदि उपस्थित रहे।

पालिका अध्यक्ष अनीता मेवाड़ा पौधारोपण करते।


**कार्यालय ग्राम पंचायत मायला पंचायत समिति मसूदा (ब्यावर)**

क्रमांक-ग्रा.पं. ./महानरेगा/निविदा/2024-25/300 दिनांक-08.04.2024

**ई-निविदा सूचना संख्या 31/2024-25**

ग्राम पंचायत मायला वित्तिय वर्ष 2024-25 के लिए महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गांरटी योजना एवं अन्य विभिन्न योजनाओं के संचालित निर्माण कार्यो के लिए निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु इच्छुक प्रतिष्ठानों से वार्षिक दर संविदा/दर अनुबन्ध करने हेतु निर्धारित प्रपत्र में दिनांक 08.07.2024 से दिनांक 27.07.2024 तक ई-प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया से वेबसाइट http://www.rproc.rajasthan.gov.in पर आमंत्रित की जाती है। उपरोक्त निविदा एवं वेबपोर्टल http: www.sppp.rajasthan.gov.in पर विस्तृत विवरण देखा जा सकता है। निविदाएं निविदा खोलने की दिनांक को उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष क्रय समिति द्वारा खोली जायेगी।

NIB NO:- ZAJ2425A0183 UBN NO:- ZAJ2425GLOB00189

सरपंच ग्राम — विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत मायला — ग्राम पंचायत मायला
पं.स. मसूदा ( अजमेर ) — पं.स. मसूदा ( अजमेर )


## गौ माता को अर्पण छप्पन भोग

**ब्यावर,** (निसं)। मसुदा रोड स्थित श्री गोपाल गोशाला में आज गो माता को छप्पन भोगअर्पण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। तहसीलदार लाला राम व गो शाला अध्यक्ष संजय घीया ने मुख्य अथिति के रूप में शिरकत की।अध्यक्ष संजय घीया ने सभी अन्य गो भक्तों से भी इस तरह के कार्यक्रम ग़ो माता के निमित्त करने की अपील की ।शहर में पहली बार गो माता के निमित हुए कार्यक्रम के आयोजक शिवरत्न भूतडा परिवार थे। कमलेश- सविता भूतडा की शादी की 21वीं वर्षगाँठ के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया । कार्यक्रम में श्री मद भागवत ( प्रभात फेरी) परिवार के भजन गायकों द्वारा गो माता व छप्पन भोग के भजनों की प्रस्तुति दी गई ।गो माता को विभिन्न प्रकार के 112 व्यंजनों का भोग लगाया गया ,जिसमें सभी तरह के ड्राई फ्रूट, सब्जिया, फ्रूट्स, एक ट्रैक्टर हरा चारा, सभी तरह के पशु आहार, चॉकलेट्स , सभी तरह के धान की रोटियाँ व अन्य पोष्टिक आहार का भोग लगाया गया, गो माता को चुनरी ओढ़ा कर आरती की गई ।

## क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं व समाधान पर हुई चर्चा

**अजमेर,** (कासं)। अजमेर शास्त्री नगर विस्तार विकास समिति की आमसभा सोमवार को पार्क नंबर 3 भक्त प्रह्लाद पार्क शास्त्री नगर विस्तार में समिति के अध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह राठोड़ की अध्यक्षता आयोजित हुई। बैठक में क्षेत्र की समस्याओं व समाधान को लेकर चर्चा हुई। समिति की आमसभा में विकास कार्यों सहित क्षेत्र से गैस गोदाम हटाने पर विशेष जोर दिया, साथ ही कई महत्वपूर्ण निर्णय भी लिए गए।

समिति के मीडिया प्रभारी डॉ. एसडी मिश्रा ने बताया कि आम सभा में सभी सदस्यों ने भाग लिया और अपने अपने विचार एवं सुझाव रखे। समिति के सचिव बीएल बामनिया ने आमसभा में एजेंडा रखा जिस पर चर्चा हुई। बैठक में गत वर्ष का प्रतिवेदन वाचन, साधारण सभा 3 सितंबर, 2023 की कार्यवाही का वाचन व अनुमोदन हुआ। मई 2023 से मार्च 2024 तक का आय व्यय का लेखा जोखा रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। सिद्धेश्वर मंदिर के पास बने कचरा डिपो शिफ्ट करने हेतु आम सहमति से स्थान चुनाव, पास बने लेट, बाथ का मरम्मत कार्य करवाना, गैस गोदाम को कॉलोनी से हटाने, पानी का समय पर निर्धारण व प्रेशर आदि समस्या पर विचार रखे। सम्मानित सदस्यों ने जो दिए जिसमें अंधमोड पुलिया चोड़ी करवाना, मेहन्दी खोला मार्ग बनाने, पार्कको में असामाजिक तत्वों के प्रवेश पर रोक लगाने आदि पर चर्चा की गई। आशा वर्मा, संजय मंगल, अजय गोयल, राजेश दाधीच, एल चौधरी, एनडी वैष्णव, प्रदीप सिंह वालिया, सतीष गुप्ता, अम्बरिस वैष्णव, कपिल, अंकुर गोयल, ललित शर्मा, एडवोकेट चन्द्रभान सिंह राठौड़, वकील शशि कांत ने भी अपने सुझाव दिए।

- **शास्त्री नगर विकास समिति की आमसभा आयोजित**

## एक पेड़ देश के नाम अभियान में पौधारोपण किया

**मसूदा,** (निसं)। सोमवार को मनरेगा श्रमिकों ने कोट की माताजी नई नाडी निर्माण कार्य ग्राम करवाई के मनरेगा श्रमिक कौन है साइड पर अपना टास्क पूरा करने के बाद मनरेगा श्रमिकों है प्रकृति के लिए श्रमदान करते हुए राजकीय प्राथमिक विद्यालय करवाई एवं राजकीय प्राथमिक विद्यालय बचपडी के विद्यालय में पौधारोपण कर कार्टून की बाढ़ लगा के पौधों को सुरक्षित कर रक्षा का संकल्प लिया श्रमदान के दौरान मेट सलीम काठात, इमामुद्दीन, विक्रम ,ग्राम विकास अधिकारी रफीक मोहम्मद व सरपंच इकबाल आदि श्रमदान में मौजूद रहे ।इस प्रकारसोमवार को राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय राघपुरा के प्रांगण में अमृत पर्यावरण महोत्सव के तहतलगाए 20 पौधे राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय के संस्था प्रधान रतन सिंह देवड़ा ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा अमृत पर्यावरण महोत्सव के अंतर्गत एक पेड़ देश के नाम अभियान के तहत 20 पौधे लगाए।

## अब सफाई कर्मियों को मिलेगा समय पर वेतन

**अजमेर,** (कासं)। राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग की उपाध्यक्ष अंजना पंवार एक दिवसीय दौरे पर सोमवार को अजमेर पहुंची। जिला परिषद के सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली, जिसमें सफाई कर्मचारियों, आश्रितों के सामाजिक, आर्थिक व शैक्षणिक जीवन का अध्ययन तथा पुनर्वास के लिए स्वरोजगार योजना की समीक्षा की। पंवार ने अधिकारियों को दिशा निर्देश भी जारी किए।

**कर्मचारियों को मिले साल में दो वर्दी:-** पंवार ने सफाई कर्मचारियों को नगर निगम स्तर पर दी जाने वाली वर्दी की जानकारी ली। उन्होंने निगम अधिकारियों को निर्देश दिए कि साल में दो वर्दी कर्मचारियों को दी जाए। मानसून के मौसम में सफाई कर्मचारियों को बरसाती और सर्दी के मौसम में स्वेटर अथवा जैकेट दी जाए। उन्होंने अधिकारियों से सफाई कर्मचारियों के स्वास्थ्य जांच की भी जानकारी ली।

**स्वास्थ्य की जांच व योजनाओं का मिले लाभ:-** सफाई कर्मचारियों ने राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पंवार से मुलाकात कर बताया कि उन्हें निजी अस्पतालों में सरकार की आरजीएचएस योजना का लाभ नहीं मिल रहा है। पंवार ने नाराजगी जताते हुए बैठक में उपस्थित मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.ज्योत्सना रंगा से निजी अस्पतालों में भी सफाई कर्मचारियों को सरकार की योजनाओं का लाभ मिलने की बात कही। उन्होंने चिकित्सा विभाग को निर्देश दिए कि कमर्चारियों का साल में दो बार स्वास्थ्य की जांच कराने, हेल्थ कार्ड भी बनाया जाए ताकि जांच के अनुरूप बीमारी का सही उपचार मिल सके।

- **राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग की उपाध्यक्ष पंवार ने ली समीक्षा बैठक, अधिकारियों को दिए दिशा निर्देश**


**प्राधिकृत अधिकारी कार्यालय नगर परिषद, ब्यावर**

क्रमांक/नियमन/2024-25/155 दिनांक 03/07/2024

**लोक सूचना**

निम्नांकित खातेदारों ने इस कार्यालय में निचे उल्लेखित भूमि का गैर कृषिक प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात-

| क्र. सं. | आवेदक का नाम | ग्राम | खसरा नं. | क्षेत्रफल हैक्टेयर में |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 1. दिलीप कुमार बाबेल पुत्र नोरतमल बाबेल हिस्सा 1/2 जाति जैन सा. कुन्दन भवन गली ब्यावर खातेदार।<br>2. पुष्पचंद बाबेल पुत्र नोरतमल बाबेल हिस्सा 1/2 जाति जैन सा. कुन्दन भवन गली ब्यावर खातेदार। | कुशलपुरा | 87 | 0.1619 हैक्टेयर |
| 2 | 1. आनन्द सिंह पुत्र हुक्म सिंह हिस्सा 1/8 जाति मेरात सा. शिवनगर खातेदार।<br>2. दाखु पत्नि हरजी हिस्सा 1/16 जाति मेरात सा. देह खातेदार।<br>3. दिलीप कुमार बाबेल पुत्र नोरतमल बाबेल हिस्सा 1/4 जाति जैन सा. कुन्दन भवन गली ब्यावर खातेदार।<br>4. पूना पुत्र सुवा हिस्सा 1/8 जाति मेरात सा. देह खातेदार।<br>5. पुष्पचन्द बाबेल पुत्र नोरतमल बाबेल हिस्सा 1/4 जाति जैन सा. कुन्दन भवन गली ब्यावर खातेदार।<br>6. मोहन पुत्र हरजी हिस्सा 1/16 जाति मेरात सा. देह खातेदार।<br>7. सिकन्दर पुत्र बाधा हिस्सा 1/8 जाति मेरात सा. लूलवा (बा. झुंझारो का) खातेदार। | कुशलपुरा | 86 | 0.3076 हैक्टेयर |

इसलिए इसके द्वारा समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान अभिधृति अधिनियम 1955 की धारा के निर्वापन कोई आक्षेप है तो, वह इस नोटिस के 7 दिन के भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजो के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपयुक्त नियत समय के भीतर.-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है व तद्नुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधिन आज दिनांक 03/07/2024 को जारी की गई।

प्राधिकृत अधिकारी नगर परिषद ब्यावर



**कार्यालय ग्राम पंचायत भड़सिया पंचायत समिति परबतसर (डीडवाना-कुचामन)**

क्रमांक-ग्रा.प./2024-25/22 दिनांक 03.07.2024

**ई निविदा सूचना - 01/2024-25**

ग्राम पंचायत भड़सिया पंचायत समिति परबतसर के लिये वित्तीय वर्ष की 2024-25 में मनरेगा व ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज विभाग की अन्य योजनाओं में कराये जाने वाले निर्माण कार्यों के लिये निर्माण सामग्री की आपूर्ति हेतु सक्षम श्रेणी के संवेदकों व विनिर्माताओं से ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा से संबंधित विस्तृत विवरण वेव पोर्टल www.sppp.rajasthan.gov.in व www.eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है। निविदाऐं निर्धारित दिनांक को उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष क्रय समिति द्वारा खोली जायेगी।

NIB-ZNR2425A0083 UBN-ZNR2425GLRC00129

ग्राम विकास अधिकारी — सरपंच
ग्राम पंचायत भड़सिया — ग्राम पंचायत भड़सिया
पं.स. परबतसर ( नागौर ) — पं.स. परबतसर ( नागौर )


## साधारण सभा सम्पन्न

**अजमेर,** (कासं)। महर्षि दयानन्द सरस्वति के जीवनकाल में स्थापित एतिहासिक आर्य समाज की साधारण सभा एवं त्रैवार्षिक चुनाव निर्वाचन अधिकारी अषोक आर्य उप प्रधान आर्य प्रतिनिधि सभा राजस्थान, जयपुर के सानिध्य में सम्पन्न हुये। इस सभा में सर्वप्रथम गत् सभा की कार्यवाही की पुष्टि व वित्तिय वर्ष 2023-24 का अंकेक्षित आय व विवरण प्रस्तुत किया गया जिसकी साधारण सभा में पुष्टि की। तत्पष्चात् हाथरस त्रास्दी अकाल दिवगंत हुये नर, नारियों के प्रति श्रृद्धासुमन अर्पित किए।


**NAME CHANGE**

ANUSUYA SAHU is Real mother No. JC-289285N, NB/SUB(DS) PARDEEP KUMAR SAHU. 131 SATA REGT C/O 56 APO. Residing Daya Nagar, Risali Bhilai, PO-Bhilai, Distt-Durg, State-Chhattisgarh, 490006. have changed my name from ANUSHYA SAHU to ANUSUYA SAHU in my Son's army service records. aff-RW 255630. date- 05-July-2024


# पट्टे की मांग को लेकर कच्ची बस्तीवासियों का कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन

## कलेक्टर को सौंपा मुख्यमंत्री के नाम का ज्ञापन

**अजमेर,** (कासं)। कच्ची बस्ती महासभा के बैनर तले शहर की 60 कच्ची बस्तीवासियों ने सोमवार को जिला कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया और जिला कलेक्टर डॉ. भारती दीक्षित को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नाम का ज्ञापन सौंपकर कच्ची बस्तियों में शिविर लगाकर पट्टे देने की मांग की।

कच्ची बस्ती महासभा के अध्यक्ष दीनदयाल पंवार सहित बस्तीवासियों ने जिला कलेक्टर डॉ. दीक्षित को सौंपे ज्ञापन में बताया कि अजमेर शहर में लगभग 60 कच्ची बस्तियां हैं, 18 नगर निगम व 48 एडीए के क्षेत्राधीन आती है, इन बस्तियों में लाखों की संख्या में लोग अपना जीवन यापन करते हैं। सरकार द्वारा सभी प्रकार की लाइट, पानी, सड़कें, स्कूल, आंगनबाड़ी आदि समस्त सुविधाएं उपलब्ध कराई है, लेकिन इन बस्तियों में अभी तक पट्टे नहीं दिए गए हैं।

कलेक्टर को ज्ञापन देने आए कच्ची बस्ती के लोग।

बस्तीवासियों ने बताया कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने अभियान चला कर शहर की कुछ बस्तियों पट्टा वितरण शिविर लगाकर पट्टे जारी किए थे, जबकि कुछ बाकी कच्ची बस्तीवासियों को पट्टे नहीं मिल सके। कुछ फाइल एडीए या निगम में अटकी पेंडिंग पड़ी हुई है। बस्तीवासी पट्टों के लिए कभी एडीए तो कभी नगर निगम के चक्कर लगाकर परेशान है, लेकिन अधिकारियों के कानों में जूं तक नहीं रेंग रही है, इससे परेशान होकर सोमवार को कच्ची बस्ती में रहने वाले लोग एकत्रित हुए और कलेक्ट्रेट पहुंचकर प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया है।

**बस्तियों में शिवर लगाकर दिए जाए पट्टे:-** कच्ची बस्तीवासियों ने कलेक्टर दिए ज्ञापन में मुख्यमंत्री से मांग की है कि पट्टे की पक्रिया को पुन: शुरू कर शिविर लगाकर पट्टे जारी किए जाए और जनता को राहत पहुंचाई जाए। प्रदर्शन के दौरान कच्ची बस्तीवासियों के साथ कांग्रेसी पार्षद व कार्यकर्ता भी शामिल हुए। कांग्रेसी पार्षद गजेंद्र सिंह रलावता ने बताया कि 2009 में कच्ची बस्तियों का सर्वे हुआ था उसके बाद कोई सर्वे नहीं हुआ है। वहां रहने वाले लोगों को पट्टे तक नहीं मिल रहे हैं। इसे लेकर प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया है, जिससे आम जनता को राहत मिल सके।

- **अजमेर शहर में लगभग 60 कच्ची बस्तियां हैं, 18 नगर निगम व 48 एडीए के क्षेत्राधीन आती है, लेकिन इन बस्तियों में अभी तक पट्टे नहीं दिए गए है**

इस मौके पर दीनदयाल पवार, डॉक्टर गोपाल बाहेती ,पार्षद गजेंद्र सिंह रलावता गणेश चौहान, हेमराज खारोलिया, जगदीश सुनारीवाल, चंद्रप्रकाश शर्मा, भेरू लाल, रवि दगदी, राजीव कछावा, हितेश्वरी टाक, शोभा देवी, फातिमा बैग, रमेश नोगिया सहित कांग्रेसी पार्षद, कच्ची बस्ती महासभा के पदाधिकारी, कार्यकर्ता सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।


**आम सूचना**

श्